Brandeis | LIBRARY
brandeis.edu/j-caste

CASTE: A Global Journal on Social Exclusion
Vol. 5 No. 2 pp. 332-334
April 2024
ISSN 2639-4928

**DOI: 10.26812/CASTE.V5I2.671**

# मेरी क़लम - मेरे अल्फ़ाज़

Gaurav J. Pathania*

जूठन खा रहे थे जब तक, तो सब चुप थे, सब ठीक था
“जूठन”[1] लिख दिया तो बवाल हो गया
वो कहते हैं अक्सर मुझसे
कि ये तुमने साहित्य का क्या मज़ाक बना रखा है
तुम साहित्य का मतलब बिगाड़ रहे हो
बताओ! साहित्य भी कभी दलित होता है?
मैं चुटकी लेता हूँ ...
कि यार! जब इस देश में कुदरत की श्रेष्ठतम रचना
'मनुष्य' जब नीच, शुद्र, अछूत, मलेच्छ, और दलित हो सकता है
तो ये साहित्य कौन बड़ी बात है?

असल में तुम्हारे दरवाजे पे तो कबसे उजियारा है सत्ता का, साहित्य का,
मेरे पास तो एक खौफनाक, ठिठुरती लम्बी काली रात है
..... पर अब मुझे फक्र है, नाज़ है
क्योंकि अब मेरे पास कलम है, अल्फ़ाज़ हैं।
और तुम्हे डर है, क्योंकि ..
... ए.सी. कमरों में मखमली बिस्तर पे बैठकर कॉफ़ी पीते हुए
गरीबी, लाचारी और शोषण का जो सौंदर्यात्मक वर्णन तुमने किया है
वो मेरे जीवन की एक छोटी सी दास्ताँ के सामने फ़ीका दिखाई पड़ता है
सारी पवित्रता और धार्मिकता को अपने भीतर समा लेने वाली
जिस गाए का दूध पीकर तुम्हारी बनभौटी ने सिर्फ कर्मकांड रचे हैं
मरने के बाद तुम्हारी उसी गाय को
चाचा की छुरी से भी तेज गिद्धों की चोंच से बचाते हुए
उसी के मांस की सड़ांध में हमारे ‘मुर्दहिया’ ने न जाने कितने 'तुलसी[2] और ‘वाल्मीकि’ उपजे हैं।

... अब तुम्हे डर है,
क्योंकि मेरी कलम इतिहास के पन्नो को चीरती हुई
तुम्हारे सारे कारनामों को इंसानियत के तराजू में तौलती है
मेरे अल्फाजों में लय है, धार है, तीखापन है एकलव्य के तीरों की तरह
मेरी क़लम तुम्हारी थोथी गरुता के सारे राज़ खोलती है
और तुम अब बौख़लाकर कहते हो, कि मेरी कलम बहुत बोलती है।।

*Assistant Professor of Sociology & Peacebuilding, Eastern Mennonite University, Virginia, USA
Email: gaurav.pathania@emu.edu

[1] ओमप्रकाश वाल्मीकि की लिखी "जूठन" हिंदी दलित साहित्य की पहली आत्मकथा है जिसने नब्बे के दशक में साहित्यिक जगत में एक नया विमर्श शुरू किया था।
[2] तुलसी (प्रोफेसर तुलसी राम जिनकी आत्मकथा “मुर्दहिया” है।”) यहाँ तुलसी और वाल्मीकि उन दलित साहित्यकारों का प्रतीक है जिनकी लेखनी जाति प्रथा और उससे उपजी अमानवीयता को पूर्णतः नकारती है।

© 2024 Gaurav J. Pathania. This is an open access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution License, which permits unrestricted use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original author(s) and source are credited.

# My Pen, My Words

All was right
And all was quiet
As long as we ate your leftovers.
But all hell broke loose
The moment we wrote "*Leftovers*".

They often say to me
That I have degraded literature
To a travesty, a mockery
*"Can literature ever be Dalit?"*
I snapped back:
In this country, if nature's most beautiful creations, human beings
Can be "lower", "outcaste, "shudra" and "untouchable"
Then why the big fuss about literature?

The truth is, the golden hour of literature
Has been shining in your courtyard for centuries
While my lot is a fearful, shivering, long, dark night.
But now
I am proud, I am happy
For now I have a pen and I have words.
And you
Seated in your plush chair
In your air-conditioned room
Sipping your coffee
Are afraid
Because the poverty, helplessness, and exploitation
That you transformed into beautiful prose
Falls flat in front of even a small incident from my life.

You, having drunk the milk of the cow
That you say manifests purity
Have produced only meaningless rituals in your conceit
Once dead, the same cow becomes untouchable for you
We bring it to our graveyard (*Murdahiya*[3])
Saving it from the vultures' claws
That are sharper than a knife
In its stench of rotten meat

[3]"*Murdahiya*," the autobiography of Professor Tulsi Ram, was hailed as a masterpiece of Dalit literature when it was published in 2010.

Our *Murdahiya*, the home of animal carcasses
Have sprouted innumerable *Tulsis* and *Valmikis*[4].

Now, you fear that
My pen
Tearing through the pages of your history
Will weigh your deeds on the scales of humanity.
My words have rhythm, edge and the sharpness
Of Eklavya's[5] arrows

My pen rips the veil of sanctity
And rejects your vacuous teaching
And now, you say, furiously
That my pen talks far too much!

हिंदी की पहली दलित आत्मकथा "जूठन" से प्रेरित यह कविता आदरणीय ओम प्रकाश वाल्मीकि जी को श्रद्धांजलि है। ये कविता मूल रूप से 2009 में लिखी गई और इसे जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के कार्यक्रम के दौरान सुनाया गया था जिसकी अध्यक्षता श्री वाल्मीकि जी कर रहे थे। कविता का दूसरा भाग 2011 में जोड़ा गया जो कि प्रोफेसर तुलसी राम की दलित आत्मकथा "मुर्दहिया" से प्रेरित है।

This poem is a tribute to the esteemed Om Prakash Valmiki, the author of the first Dalit autobiography in Hindi, "*Joothan*" (Leftovers), published in 1997. Originally penned in 2009, it was recited during an event presided over by Mr. Valmiki. In 2011, it underwent revision to incorporate "*Murdahiya*," another Dalit autobiography authored by Professor Tulsi Ram.

The poem is originally written in Hindi. The English translation is by **Richa Dube** (a Seattle based writer); **Anurag** (popularly known for his podcast *Anurag Minus Verma*); and **Annika Taneja** (a Delhi-based editor and translator).

[4]Here *Tulsi and Valmiki* symbolize Dalit writers whose literary works unequivocally denounce the caste system and the inhumanity it fosters.

[5]Eklavya (a character in Hindu epic, *The Mahabharata*) was said to be the greatest archer in the world. Rejected as a student by Dronacharya (revered as one of the greatest gurus in Hindu mythology), the guru to the Pandava royal princes because Eklavya was an Adivasi (tribal) and considered outcaste, Eklavya learned archery through self-study by practicing in front of a clay idol of Dronacharya. After he came to the attention of the Pandavas and Dronacharya through his skill, Dronacharya, who had promised the Pandava prince, Arjuna, that he would make him the greatest archer in the world, demanded Eklavya's right thumb as his *guru-dakshina*, the traditional payment to a teacher by a student. Eklavya cut off his thumb to oblige his guru. This act made the royal prince Arjuna the greatest archer in Indian mythology.